भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545

e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 24-6-2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

संलग्न : उपरोक्तानुसार

24/06/2024
( सहायक निदेशक)
EAD (HM)

उपनिदेशक 24/06/2024

निदेशक (बा.पू.प्र. )

THE HINDU – 24-6-2024

INBRIEF



## Very heavy rain warning for three districts in Kerala

The India Meteorological Department (IMD) issued an orange alert warning of very heavy rain for three districts of Kerala – Kozhikode, Kannur, and Kasaragod – on Monday. A yellow alert has also been issued warning of isolated heavy rain for the remaining districts, except for Thiruvananthapuram and Kollam. According to IMD, strong westerly and southwesterly winds prevail in the lower levels over Kerala and Lakshadweep region triggered by a trough that runs off the Maharashtra-Kerala coasts. Under its influence, rain or thundershowers is most likely to occur at most places in Kerala until June 29.

नवभारत टाइम्स — 24-6-2024

# अब लू के लौटने की संभावना नहीं, कुछ दिन होगी बूंदाबांदी, उमस करेगी परेशान

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

राजधानी में लू के लौटने की संभावना अब नहीं है। इसके विपरीत अब अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश या कुछ समय के लिए बौछारें पड़ेंगी। इसकी वजह से उमस वाली गर्मी परेशानियां बढ़ाएंगी। उमस वाली गर्मी लू की गर्मी से अधिक खतरनाक मानी जाती है। इस गर्मी में पसीना अधिक आता है और व्यक्ति डीहाइड्रेशन का शिकार ज्यादा जल्दी होता है।

रविवार को भी उमस वाली गर्मी ने काफी परेशान किया। कुछ जगहों पर दोपहर के समय पांच से दस मिनट के लिए बौछारें पड़ीं। इसके बाद और अधिक नमी बढ़ गई। हवा में नमी का स्तर 49 से 73 प्रतिशत तक रहा। इसकी वजह से रविवार को हीट इंडेक्स भी 53 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। सफदरजंग में 0.6 एमएम, पालम में 6.9 एमएम, लोदी रोड में बूंदाबांदी, रिज में 0.8 एमएम, आया नगर में 1.2 एमएम, गुरुग्राम में 2 एमएम, फरीदाबाद में 8 एमएम, गाजियाबाद में 0.5 एमएम, नोएडा में 2.5 एमएम, पूसा में 0.5 एमएम और मयूर विहार में 8 एमएम बारिश हुई।

**39.8 डिग्री रहा रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान**

पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार को बादल छाए रहेंगे। आंधी और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। आंधी के दौरान हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम 30 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 25 से 29 जून तक बादल छाए रहेंगे। आंधी और बारिश की संभावना है। बारिश हल्की और कुछ समय के लिए बौछार की तरह होगी। आंधी के दौरान हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 से 42 और न्यूनतम 28 से 31 डिग्री तक रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून आगे बढ़ रहा है। जैसे ही इसके दिल्ली में आने की संभावना लगेगी जानकारी दी जाएगी। वहीं प्राइवेट एक्सपर्ट के अनुसार मॉनसून 27 से 30 जून के बीच राजधानी में एंट्री ले सकता है।



**मस्ती की फुहार :** नोएडा के बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन कैंपस में बारिश के बाद जमा पानी में बच्चों ने की मस्ती